Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 25-08-2006

Participants : Verma Shri Ravi Prakash

an>

Title : Need to take steps to widen the access to higher education in the country.

श्री रवि प्रकाश वर्मा (खीरी) : महोदय, हिन्दुस्तान में करीब आठ करोड़ छात्र/छात्राएं प्रति वर्ा 10+2 की परीक्षा पास कर रहे हैं परंतु उच्च शिक्षा के लिए सिर्फ 6 प्रतिशत लोगों को दाखिला मिल रहा है। यह दुखद है। कोरिया जैसे मुल्कों में 80 प्रतिशत के लगभग छात्रों को उच्च शिक्षा में दाखिला हासिल है। इसलिए सरकार से अनुरोध है कि शीघ्र ही बड़ी तादाद में उच्च शिक्षण संस्थाए खोल कर छात्रों/ छात्राओं को उच्च शिक्षा दिलाने का काम करे। हिन्दुस्तान में व्यावसायिक शिक्षण सिर्फ दो प्रतिशत है और सिर्फ 141 ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पूरी दुनिया में लगभग 95 प्रतिशत छात्रों एवं छात्राओं को लगभग 3000 ट्रेड में प्र ाशिक्षण दिया जा रहा है। अत: सरकार से मेरा यह कहना है कि हिन्दुस्तान में विश्व स्तर के विशेाज्ञ पैदा करके हिन्दुस्तान के बाहर भेजने के लिए नीति बनाए तथा उच्च शिक्षा की पर्याप्त व्यवस्था करे।